हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 27 दिसंबर 2023

04 आरोप: अंग्रेजी न आने पर शिक्षिका ने की बच्ची की ...


07 वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों की शहादत...







## संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 60 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## विद्यालयों में प्रवेश के लिए 8 जनवरी तक करें आवेदन

**नर्मदापुरम।** जनजातीय कार्य विभाग के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 06 दिसंबर से भरे जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन की अंतिम तारीख 8 जनवरी 2024 (शाम 5 बजे तक) है। परीक्षा प्रवेश-पत्र 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से डाउनलोड किये जा सकेंगे। परीक्षा 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी।

### सटोरियों की गिरफ्त में शहर के युवा, युवा पीढ़ी हो रही तबाह

# नर्मदापुरम के गली-मोहल्ले ठेले गुमठियों में चल रहा सट्टा

पुलिस महकमे के आला अधिकारी नर्मदापुरम में ही निवासरत हैं। बावजूद इसके नर्मदा नगरी में ही सट्टे का कारोबार चरमसीमा पर चल रहा है। जब अधिकारियों से सट्टे की बात की जाए तो वह कहते हैं कि जानकारी मिलते ही कार्रवाई करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में जुए-सट्टे का कारोबार आए दिन अपने पैर पसार रहा है। सटोरिए और जुआरिओ का सबसे सुरक्षित शहर और उसके आसपास के ग्रामीण इलाके है। शहर व इसके आसपास और ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम चल रहे जुआ के अड्डे जहां एक ओर कानून व्यवस्था का खुला मजाक उड़ा रहे हैं, तो वहीं अवैध रूप से चल रहे जुआ और सट्टा के इस खेल से युवा पीढ़ी तबाह हो रही है, जिनके भविष्य को लेकर अभिभावक परेशान रहते हैं। जबकि अवैध रूप से खेले जा रहे इस खेल से पुलिस खुद को अनजान बता रही है। पुलिस कोई मुहिम नहीं चलाई जा रही है। इस कारण शहर में खुलेआम यह कारोबार खूब फल-फूल रहा है। शहर में सट्टा कारोबार का संचालन जोरो पर है। सूत्रों ने बताया कि छुटभैय्या नेताओं और आसपास के रसूखदारों की मदद से जुएं एवं सट्टे का कारोबार चल रहा है। नर्मदापुरम में लंबे समय से इस कारोबार का संचालन हो रहा है। लेकिन यहां तक वर्दी धारियों की पहुंच नहीं हो पा रही है और यही कारण है कि स्थानीय लोगों की मदद से सट्टा का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है।

#### सट्टोरियों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही पुलिस

सट्टा व जुआ के इस अवैधधंधे में पुलिस इन सट्टोरियों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है। जिस तरह क्षेत्र में सट्टा खेलने का अवैध धंधा दिनों दिन फूल-फल रहा है। लोगों का आरोप है कि पुलिस सट्टे व जुआ के कारोबार को रोकने की कोशिश कर रही है। मगर कोई बड़ी मछली पुलिस की जाल में नहीं फंसा है। शहर में चल रहा सट्टे व जुआ संचालकों पर सख्त कार्रवाई कब की जाएगी? संचालकों को जेल कब भेजा जाएगा ?

#### सट्टा माफिया हो रहे मालामाल

सट्टा का यह खेल जीरो से लेकर नौ नंबर तक चलता है और नेट पर एक ही नंबर आता है, जिससे नौ नंबरों का रुपये उन्हें सीधा-सीधा बच जाता है, जिससे खिलाड़ी का वह नंबर फंसता है वह इसमें खुश हो जाता है कि उसे दस के 80 मिल गये, लेकिन अन्य बाकी खिलाड़ियों के रुपये जिनके नंबर नहीं फंसते उनका सीधा रुपये सट्टा माफियाओं की जेब में जाता है। अब इस कारोबार का जाल पूरे शहर में फैल चुका है। ऐसा नहीं है कि पुलिस सट्टे, जुएं के इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगा सकती। कुछ पुलिस अधिकारी ऐसे भी आएं है जिन्होंने सट्टे के कारोबार को पूरी तरह बंद करा दिया था। अब पुलिस अधिकारियों से ऊपर बैठे छुटभैया नेताओं की सहमति से शहर में यह कारोबार फिर से फलने फूलने लगा है। सट्टा का यह कारोबार पुलिस की नाक के नीचे से ही फल-फूल रहा है। अब देखना यह है कि इस कारोबार पर फिर पूर्णतः अंकुश लग पाता है या नहीं। या फिर छोटे एजेंटों को पकडकर बड़े खाईवालों को बचाने का प्रयास किया जाता है। वही इस मामले में पुलिस के अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते आ रहे है।

#### सटोरियों ने शहर में जमाई धाक

बड़े सटोरियों ने पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लिया है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग अब खुलेआम सट्टा खेल रहे हैं और उनमें पुलिस का भी कोई डर नहीं नजर आता। वहीं पुलिस भी इस पूरे मामले पर अपनी आंखें मूंदे हुए हैं। शहर की तंग गलियों में काफी लोग सट्टे के धंधे में लगे हुए हैं। वहीं हालात देखकर लगता है कि इस पूरे मामले में कहीं ना कहीं छुटभैय्या नेताओं की भी मिलीभगत है। क्योंकि जिस तरह लोग खुलेआम सट्टा लगा रहे हैं, खबर तो यह भी है कि एक बार यह कारोबार बंद होने के बाद पिछले खाईवाल के बुलावे पर ही यह कारोबार दोबारा चालू हुआ है। शहर में रोजना लाखों रुपए का सट्टा खेला जा रहा है। और धडल्ले से चल रहे इस कारोबार को इलाके के सफेद पोश नेताओं और खाईवालों का खुला संरक्षण प्राप्त है, मुख्य बाजार और पोस्ट ऑफिस के पीछे में ही प्रतिदिन लाखों का कारोबार होता है, जबकि बाकि जगहों से भी अवैध कमाई इसी कारोबार से किया जा रहा है।

#### युवाओं पर सट्टे का असर

सट्टा जैसे संगीन अपराध को लोगों के जरिए ही खिलवाया जाता है। इससे युवा वर्ग के लोगों पर ज्यादा असर दिखाई पड़ रहा है। जहां युवा वर्ग के लोग सट्टा एवं जुआ जैसे संगीन अपराध में संलिप्त हो रहे हैं, लेकिन इस अपराध को रोकने में पुलिस भी एक हद तक नाकाम साबित हो रही है। शहर के हर गली मोहल्ले और बाजार में खुलेआम सट्टे का कारोबार चल निकला है। कभी-कभार पुलिस दो-चार छोटे एजेंटों को पकडकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है। जबकि हकीकत यह है कि सटोरियों के कारनामों को जानने के बाद भी पुलिस के स्थानीय और आला अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं, यही वजह है कि यह कारोबार रायपुर और आसपास के क्षेत्र में फल फूल रहा है। शहर में सट्टा खाईवालों की फ़ौज खड़ी हो गयी है।

#### शहर के लोग हुए परेशान

सट्टा व जुआ के कारोबार के चलते शहर में लोग काफी परेशान हैं। जिसके चलते कई बार लोगों ने सट्टा संचालकों के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। लोगों का आरोप कि यदि इन लोगों के खिलाफ कुछ कहा जाता है तो वो जान से मारने की धमकी भी देते हैं।

#### जुआ सट्टे की जानकारी मिलने पर कार्रवाई करेंगे

शहर में कहीं भी यदि जुआ-सट्टा चल रहा है उसकी हमें जानकारी या सूचना प्राप्त होती है तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

**पराग सैनी,** एसडीओपी, नर्मदापुरम

## धमकी और गाली देने का चलन गांवों की अपेक्षा शहर में ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माना जाता है कि गाली-गलौच सबसे ज्यादा कम पढ़े और ग्रामीण परिवेश के लोग करते हैं। लेकिन अगर पुलिस द्वारा जारी डीएसआर के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो हकीकत इसके उलट नजर आती है। गाली देना और धमकी का चलन गांवों की अपेक्षा शहर में ज्यादा बढ़ रहा है। जबकि शहर के सभ्य और पढ़े लिखे लोग भी आवेश में गाली दे रहे हैं। इसी वजह से शहर में रोजाना गाली और धमकियों की शिकायतें पुलिस तक पहुंच रही है। प्रतिदिन आने वाली शिकायतों के आंकड़ों पर नजर डाले तो 25 दिसंबर को ही जारी डीएसआर में पांच मामले गाली-गलौच के दर्ज हुए है। जिसमें देहात थाने में अपराध क्रमांक 602 और 603 दर्ज है जिसमें आरोपियों द्वारा फरियादी को गाली देकर जान से मारने की धमकी दी है।

पहला मामला न्यास कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड का है जिसमें प्रियंका पति सौरव गुप्ता की शिकायत पर आरोपी आशा पति शंभू दयाल पांडे पर माला दर्ज हुआ वहीं दूसरा मामला सुमित पिता बीएल चौहान के साथ अज्ञात आरोपी ने गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी।

### संयुक्त परिवार की प्रथा समाप्त होना कारण

समाज में अब संयुक्त परिवार की प्रथा कम होने से युवाओं पर परिवार का नियंत्रण और गुस्से पर काबू नहीं होने से असभ्यता का ग्राफ बढ़ा रहा है। आसपड़ो में भी पहले जैसे व्यवहार नहीं होने से बात-बात पर विवाद की स्थिति निर्मित होती है। गाली-गलौच की शिकायतें शहर की निचली बस्तियों से लेकर पॉश कॉलोनी तक आती है। 24 दिसंबर को इटारसी थाना क्षेत्र में छोटे गुरूवाणी क्लिनिक के पास फरियादी की दुकान के सामने सूरजगंज चौक पर फरियादी मनोज पिता शिवराम भरद्वाज को अज्ञात आकाश अग्रवाल,टिंकल मालवीय दोनों निवासी इटारसी ने फरियादी को गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज करवाई है। इसी प्रकार कोतवाली थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास 23 दिसंबर को शेख जमील पिता शेख जाकिर को आरोपी राकेश पिता शांति लाल धुर्वे नर्मदापुरम को आरोपियों द्वारा गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की खमकी दी। हालांकि थानों से मिली जानकारी के अनुसार हर रोज इस तरह की शिकायतें थानों में दर्ज होती है।

### दबदबा बताते हैं रंगदार

कानूनी पेंच की वजह से रंगबाजी में अभद्रता करने वालों पर कसावट नहीं होती है। क्योंकि पुलिस गालीबाजी में गवाह मांगती है। अगर अपराध सार्वजनिक स्थल पर होता है तो केस दर्ज होता है। वहीं आसपड़ोस के गाली- गलौच के मामले भी थानों में आते हैं। हालांकि पुलिस के पास गाली-गलौच की बहुत सी शिकायतें आती है इन पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी परिवारों की भी होती है। अगर परिवार युवाओं पर नियंत्रण रखे तो वह काफी हद तक सुधर सकते है। सिर्फ पुलिस से सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती है समाज के लोगों को भी इस मुहिम में आगे आना होगा। साथ जगह-जगह होने वाले आयोजनों में समझाइश देनी होगी।

## नर्मदा में गंदगी करने वाले नरक में जाते हैं : प्रमोदानंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां राजेश्वरी मैरिज गार्डन में चल रही श्रीमद नर्मदा महापुराण के तृतीय दिवस में मां नर्मदा के कृपा पात्र संत भक्त पंडित प्रमोदानंद महाराज ऊमरखेड़ी वाले इन्होंने मां नर्मदा के घाटों घाटों की महिमा का वर्णन करते हुए कहा एक बार धर्मराज और यमराज में बहस छिड़ गई। यमराज कहने लगे हैं धर्मराज आप यह बताइए जब से मां नर्मदा पृथ्वी पर आई है तब से हर एक प्राणी मरने के पश्चात तुम्हारे लोक में ही आ रहा है, तब धर्मराज ने कहा यमराज आप निश्चिंत रहिए नाराज मत होइए तुम्हारे पास भी आएंगे। धर्मराज ने कहा जो मां नर्मदा में गंदगी करेंगे, जो मां नर्मदा में गंदे वस्त्रों को धोएंगे, जो मां नर्मदा में साबुन और शैंपू लगाकर स्नान करेंगे जो मां नर्मदा में प्रदूषण करेंगे वह सारे प्राणी मरने के उपरांत यमलोक में ही आएंगे और उन्हें नरक भोगना पड़ेगा, तब यमराज और धर्मराज में आपस में सुलह हो गई और यमराज अपने लोक वापस चले गए तब से जो मां नर्मदा में प्रदूषण गंदगी करते हैं गंदे वस्त्र धोते हैं वह सीधे यमराज के पास जाते हैं और उन्हें नरक भोगना पड़ता है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा : हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा सुचारू रूप से जारी है। संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र व्यक्ति को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा हैं।विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जनपद नर्मदापुरम के ग्राम साकेत और बुधवाडा में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर जनपद सीईओ हेमंत सुत्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

साकेत और बुधवाडा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत साकेत और बुधवाड्डा में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत थुआ और गुराडियाजाट, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पुनीर और खेरुआ , जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरपनित और पिपरिया कला, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत जासरवानी और कपूरा, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बुधनी और बिकोर में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्रामों में पहुंची।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा:निमंत्रण के लिए गनेरा से अक्षत कलश मंडल के 9 गांव में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

22 जनवरी 2024 को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले माखननगर तहसील के सभी गांव में अक्षत पूजन कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम मे अयोध्या से आये श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण के पूजित अक्षत कलश की शोभा यात्रा गनेरा में निकाली गई। जिसमे अक्षत कलश लेने हेतु गनेरा मंडल के गाँव गनेरा से कृष्णकुमार सरपंच, खरगावली लालचंद यादव जनपदउपाध्यक्ष, भटवाडी, नसीराबाद से छोटेलाल, बछवाडा से हर्ष तिवारी आमखेडी चंद्रकांत मीना, कोंडरवडा हरप्रसाद साहू, पांजरा गोपाल मीना, गोंदलवाडा से नितलेश , मोनू मीना एवं प्रियंक शर्मा उपस्थित हुए। हनुमान मंदिर से कलश यात्रा का



शुभारंभ हुआ एवं समापन बस स्टैंड नर्मदा मंदिर पर हुआ। सभी ग्रामवासियो ने गांव में कलश पूजन कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। 1 से 15 जनवरी तक कलश के पीले चावल जन-जन तक पहुंचाने का अभियान प्रारंभ होगा जिसमे 22 जनवरी को अपने गाँव के मंदिर मे ही कार्यक्रम आयोजित करे का आग्रह किया जाएगा।

### मुहिम : 5 दिनों में 26 हजार के चालान बनाए

## सड़क पर वाहन मिला, भरना होगा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा नगरी में सबसे बड़ी समस्या बिगड़ेल यातायात बना हुआ है। जिसे सुधारने की वर्षों से कोशिश जारी है। मगर कभी दुकानदार अमल नहीं करते तो कभी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते, जिसका नतीजा यह निकलकर आया कि बाजार की मुख्य सड़कें तंग गलियों में तबदील हो गई। हालांकि नववर्ष के पहले इस यातायात को सुधारने का जिम्मा अधिकारियों ने लिया है। जिसके लिए संयुक्त टीमें बनाई गई है। यह टीम सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सर्राफ के नेतृत्व में काम कर रही है।

जिसमें नगरीय प्रशासन के अधिकारी खुद सीएमओ व यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा और उनकी टीम कार्य का निर्वहन कर रही है। यह कार्रवाई 21 दिसंबर से लगातार जारी है। मंगलवार को भी सेठानीघाट से अधिकारियों का कारवां कार्रवाई करते हुए निकला, जो शाम तक कोठीबाजार क्षेत्र में पहुंचा। डीएसपी संतोष मिश्रा




ने बताया कि बीते 5 दिनों में यातायात पुलिस ने 56 चालान बनाकर 26 हजार 100 रूपए का समन शुल्क वसूल किया है। साथ ही बेढंगे तरीके से वाहन खड़े करने वालो को समझाइश भी दी है। 21 दिसंबर को कुल 16 चालान बनाकर 6 हजार 200 रूपए, 22 दिसंबर को 15 चालान बनाकर 10 हजार 200 रूपए, 23 दिसंबर को 9 चालान बनाकर 3 हजार 100 रूपए, 24 दिसंबर को 11 चालान बनाकर 4 हजार 500 रूपए और 25 दिसंबर को 5 चालान बनाकर 2100 रूपए का चालान बनाकर समन शुल्क वसूल किया है। उनका कहना है कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। वहीं बाजार क्षेत्र में सड़क पर फैले अतिक्रमण पर भी कार्रवाईयां जारी है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों की सहायता से भी बाजार क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है।

## सामान्य से अधिक दर्ज हो रहा दिन-रात का पारा



**नर्मदापुरम।** मौसम का मिजाज पश्चिम विक्षोभ के कारण बिगड़ा हुआ जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज होकर मंगलवार को 30.6 डिसे पर जा पहुंचा। जिसमें 1.2 डिसे का इजाफा भी हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डिसे अधिक रहा और 14.3 डिसे दर्ज किया गया। दोपहर के समय तेज धूप की तपन सर्दी का अहसास नहीं होने दे रही है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 1 से 2 दिन में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव खत्म हो जाएगा और तापमान में गिरावट का दौर आएगा।



## खबर संक्षेप

### दत्तात्रेय भगवान की पालकी पर शोभायात्रा निकाली आज होगा भंडारा

**बैतूल।** श्री दत्त मंदिर सिविल लाईन समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री दत्त जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सलिल हरदास एवं मनु देशपांडे ने बताया कि जन्मोत्सव सप्ताह अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज मंगलवार प्रातः 11 बजे से भगवान दत्तात्रेय की पालकी पर शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न चौराहों से हाते हुए वापस श्री दत्त मंदिर पहुंची। इसके बाद आरती पूजन एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम हुआ। शाम 6 बजे से दादाजी धूनीवाले का इक्का का आयोजन महाराष्ट्रीयन विप्र समाज के बंधुओं द्वारा किया गया है। इस अवसर पर सलिल हरदास, भालचन्द पांडे, संजय द्विवेदी, महेन्द्र मन्नू दीक्षित, अनिल मिश्रा, आशुतोष शर्मा, प्रेरणा शर्मा, सोनू हेडऊ, पराग तोत्रे, नवनीत शर्मा, अतुल देशकर, सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के बुजुर्ग, युवा एवं महिला उपस्थित थी। भालचन्द पांडे ने बताया कि कल बुधवार दोपहर 12 बजे से श्री दत्त मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### परिजन ने जनसुनवाई में पहुंचकर लगाई गुहार, प्रशासन ने दिए जांच के आदेश

# आरोपः अंग्रेजी न आने पर शिक्षिका ने की बच्ची की पिटाई, गुस्से में सिर के नोचे बाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल/आमला

शासकीय प्राथमिक शाला की चौथी कक्षा की छात्रा के शिक्षिका द्वारा बाल उखाड़ने का अमानवीय कृत्य मंगलवार को जनसुनवाई में सामने आया। घटना 15 दिसंबर की यह बताई गई है कि आमला ब्लाक के खेड़ली बाजार के सरकारी स्कूल की शिक्षिका ने चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा को इंग्लिश नहीं आने पर पहले तो उसकी जमकर पिटाई की, उसके बाद छात्रा के बाल खींचे, जिससे छात्रा के सर से बाल उखड़ गए हैं। उक्त शिक्षिका की शिकायत छात्रा के पिता ने जनसुनवाई में जिला कलेक्टर से की है।

शिकायत करने बैतूल पहुंचे पीड़ित मासूम और उसके पिता ने शिक्षिका पर आरोप लगाया है कि अंग्रेजी नहीं आने पर महिला शिक्षिका ने मारपीट कर बाल पकड़ खींच दिए, जिससे उसके बाल उखड़ गए है। यह मामला जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर खेड़ली बाज़ार का है। पीड़ति छात्रा के पिता उमेश बामने ने जनसुनवाई में बताया कि मेरी बच्ची, जिसकी मां का स्वर्गवास हो चुका है, साहू मेडम के द्वारा मेरी बच्ची को बाल खीचकर मारा गया एवं मेरी बच्ची के सिर के बाल नोच लिये गये है। जिसे उसे बहुत दर्द हो रहा है। पीड़ति मासूम के मुताबिक मेडम ने अंग्रेजी पढ़ने का बोला, मेरे से अंग्रेजी नही पढ़ते बना तो मेडम ने जमकर मारा और बाल नोच दिए, जिससे बहुत दर्द ही रह है। जनसुनवाई में आये आवेदन पर जिला समन्वयक ने संजीव श्रीवास्तव ने भी टीचर के इस कृत्य को अमानवीय माना और पीड़ित को जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया है।





### प्रशासन ने तुरंत कमेटी बनाकर दिए जांच के निर्देश

*पीड़िता छात्रा के पिता उमेश बामने द्वारा जनसुनवाई में शिक्षिका के अमानवीय कृत्य कर बाल उखाड़ने की शिकायत करने पर प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दे दिए गए है। इंग्लिश नहीं आने पर खेड़ली बाजार के शासकीय बालक प्राथमिक शाला की चौथी की छात्रा चेतना के बाल शिक्षिका पूर्णिमा साहू द्वारा खींचकर उखाड़ दिए थे। बच्ची के पिता श्री उमेश बामने द्वारा जनसुनवाई में शिकायत किए जाने के बाद 15 दिसंबर की यह घटना सामने आई।*

#### निर्देश दिए गए हैं

*इस मामले में शिकायत सामने आने पर हमारे द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए कमेटी बनाकर बीईओ और बीआरसी को जांच के निर्देश दे दिए गए है। उन्हें कल बुधवार शाम तक स्कूल के हेडमास्टर, शिक्षक एवं बच्चों से पूछताछ कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।*

***एस के श्रीवास्तव,** डीपीसी जिला बैतूल*

### बाइक से मेला देखने आए थे युवक

# ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को रौंदा, दो युवकों की मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई





नगर की सीमा से लगे ग्राम चंदोरा खुर्द के पास अज्ञात ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे दो युवकों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। दोनों युवक अपने मित्र को निकटतम ग्राम बराई छोड़कर वापस मुलताई की ओर आ रहे थे तभी यह दुर्घटना घटी, दुर्घटना रात 10 बजे की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया ।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाश पिता अर्जुन डोंगर दिए 20 वर्ष निवासी बिरोली झील्पा एवं रूपेश पिता मोतीराम 26 वर्ष निवासी सोमगढ़ दोनों युवक नागपुर में कैटरिंग का काम करते थे दो दिन पहले अपने घर पहुंचे। सोमवार को दोनों युवक मोटरसाइकिल से मुलताई मेला घूमने आए थे दिन भर मेला घूमने के बाद बीती रात के अपने मित्र को छोड़ने ग्राम बराई गए हुए थे वापस लौटते समय ग्राम चंदोरा के पास अचानक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने यूको की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद यूवको को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां सुबह शव परीक्षण के बाद युवके शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



### शिकायतकर्ताओं के लिए बयान

# सात से दस करोड़ की राशि बीसी पर चलाए जाने का मामला, प्रशासन हुआ अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में इनदिनो सूदखोरों का आतंक कुछ इस कदर से बढ़ता जा रहा है कि लोग अपना व्यापार छोड़कर भागने को मजबूर हैं। पाथाखेड़ा के अस्पताल कॉलोनी में अभिषेक किराना दुकान के संचालक के माध्यम से सुसाइड नोट लिखकर चले जाने के बाद बीसी और सोसाइटी के नाम पर सूतखोरी का मामला प्रकाश में आया है।

इसे प्राथमिकता के साथ प्रकाशित करने का कार्य हमारे माध्यम से किया गया था। समाचार के प्रकाशन होने के बाद जिला एवं पुलिस प्रशासन हरकत में आया और सोमवार को सुबह से लेकर शाम तक बीसी सोसाइटी के नाम पर रुपए लेने वाले लोगों को बुलाकर इस मामले में बयान दर्ज करने का काम किया गया है।इस संपूर्ण बीसी सोसाइटी और सुतखोरी के काले कारोबार में वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के कर्मचारी अनिल खवसे को आगे रखकर कई मास्टरमाइंड लोगों ने सीधे तौर से लोगों को ठगने का काम किया है। हालांकि इस संपूर्ण घटनाक्रम में अनिल खवसे के माध्यम से अपने बयान में सभी लोगों के रुपए वापस दिए जाने का आश्वासन पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को दिया है लेकिन उसके माध्यम से डेढ़ से 2 वर्ष का समय मांगा गया है।

#### इन लोगों की शिकायत पुलिस को हुई है प्राप्त

शोभापुर कॉलोनी में बर्तन का व्यापार करने वाली शंभू सिंह, पाथाखेड़ा के पुराने बाजार में कपड़े का व्यापार करने वाली नसीम खान,गुड्डू साहू,अभिषेक साहू,राजेंद्र चौरे,नरेंद्र सिंह,भोला सिंह सहित अन्य लोगों के माध्यम से बीसी और सोसाइटी संचालित किए जाने के नाम पर ठगी की शिकायत की है और जितने लोगों ने शिकायत की है सभी 25 से 30 लाख रुपए से अधिक की राशि प्रत्तेक व्यक्ति का होना बताया जा रहा है।

#### जांच जारी है

मामला रुपए के लेनदेन का है और इस मामले में पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत हुई है। इसकी वर्तमान समय में जांच की जारी है। जांच के बाद ही कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान समय में केवल कथन का दौर जारी है।

**रोशन कुमार जैन,** एसडीओपी सारनी

### गुरुद्वारा सिंह सभा सारनी में मनाया गया बलिदान दिवस

#### कीर्तन पाठ और अरदास का हुआ कार्यक्रम



**सारनी।** मंगलवार को गुरुद्वारा सिंह सभा सारनी में बलिदान दिवस बनाया गया सिंग सभा के प्रधान ने बताया कि 26 दिसंबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद से यह दिन वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है।यह दिन समर्पित है गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को। इन्होंने धर्म के लिए खुद को बलिदान कर दिया, लेकिन बर्बर मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके।गुरु गोविंद सिंह के बेटों फतेह सिंह और जोरावर सिंह को मुगलिया फौज के सेनापति वजीर खान ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था,लेकिन उनके मुँह से उफ तक नहीं निकली।माता गुजरी देवी और चार साहिबजादों के बारे में जानने से पहले,उन गुरु गोविंद सिंह को जानिए जिन्होंने ह्यखालसा पंथह्न की स्थापना की।सिखों के 10वें गुरु गोविंद सिंह न सिर्फ एक संत एवं दार्शनिक,बल्कि एक कुशल योद्धा भी थे।उन्होंने बर्बर मुगल बादशाह औरंगजेब के विरुद्ध कई युद्ध लड़े। उनके पिता गुरु तेग बहादुर की औरंगजेब ने ही हत्या करवाई थी।इस कारण मात्र 9 वर्ष की उम्र में गोविंद सिंह को गुरु की पदवी सँभालनी पड़ी थी।गुरुद्वारा सिंग सभा सारनी में ज्ञानी वीरेंद्र सिंह ने कीर्तन पाठ एवं अरदास करके कडा प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सिंग सभा सारनी के वरिष्ठ चरणजीत सिंह सैनी, सिंग सभा के प्रधान जगदीश आहूजा कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति हुई कमजोर**

# सफाई कर्मचारी गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, 2 माह से नहीं मिला वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने दो माह का वेतन नहीं मिलने को लेकर काम बंद हड़ताल प्रारंभ कर दी है। सफाई कर्मचारी बस स्टैंड शहीद किसान स्तंभ पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। उन्होंने मंगलवार को नगर में सफाई भी नहीं कि। उनका कहना है कि उन्हें पिछले दो महीनो से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते उनकी आर्थिक स्थिति खराब होते जा रही है और कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसी स्थिति में उन्होंने मंगलवार से अनिश्चितकालिन काम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। ऐसे में नगर में जगह-जगह पर कचरा बिखरा हुआ दिखाई दिया। हालांकि सुबह नगर पालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने सभी से वापस काम पर लौटने के लिए कहा, लेकिन बिना वेतन के कर्मचारियों ने काम पर लौटने से मना कर दिया। हालांकि इस दौरान टिप्पर वाहन पर कार्यरत कर्मचारी सीएमओ के कहने पर काम पर लौट गए।

#### कर्मचारियों ने 11 मांगों को पूरा करने की मांग

हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि उनकी 11 मांगे हैं, जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। जिनमे शासन अनुसार हर माह की 5 तारीख को कर्मचारियों को वेतन दिया जाए। वर्तमान में रूका हुआ 2 माह का वेतन तत्काल दिया जाए, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना ना करना पड़े । सफाई कार्य में नगर पालिका क्षेत्र के वाल्मिकी समाज के कर्मचारीयों को ही रखा जाये । जी.पी.एफ., एन.पी.एस. ई.पी.एफ. आज दिनांक तक का जमा किया जाये । रिटायमेंट कर्मचारियों का अवकाश नगदीकरण की राशि दी जाए एवं अन्य राशि का भुगतान तत्काल किया जाए । कलेक्टर रेट, बढ़ा हुआ एरियर्स सहित दिया जाए ।नगर पालिका कर्मचारी को श्रम मंत्रालय के नियमानुसार 8 घंटे ही कार्य कराया जाये । अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त भत्ता प्रदान किया जाये । दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 10 वर्ष पूर्ण होने पर 1500 प्रतिमाह अतिरिक्त का लाभ नही दिया जा रहा है, जो मध्यप्रदेश शासन के राजपत्र में सम्मिलित है। जो एरियर्स सहित दिया जाए। 10 वर्ष पूर्ण होने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमिति करण का लाभ दिया जाए । योग्यता एवं कार्यकुशलता अनुसार कार्य दिया जाए। विनियमित कर्मचारी को नियमित किया जाए ।

**सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई अटल बिहारी वाजपेई की जयंती**

# स्व.अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सारनी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनाई गई,इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला,आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे,जिला महामंत्री कमलेश सिंह,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक रजीत सिंह,अभिजर हुसैन, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम,नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे के अतिथि में सुशासन दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी भारत माता के महान सपूत भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आज जयंती है और इस अवसर पर अटल जी की स्मृतियों को नमन करते हुवे अटल जी के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।इस अवसर पर आमला विधायक डा पंडाग्रे ने कहा की अटल जी की सरकार के समय हुवे ऐतिहासिक विकास कार्यो को सदैव स्मरण किया जाता है,कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ट के मंडल व जिला पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष पार्षद गण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।




### तीन वार्डों को मिलेगा लाभ, गंदे पानी से मिलेगी निजात

# नगर पालिका ने बिछाई 90 मीटर पाइपलाइन

**मुलताई।** नगर में पेयजल वितरण प्रणाली का सबसे दुखद पहलू वर्षो पुरानी सड़ी गली गंदे नालियों के मध्य से गुजरती पाइपलाइन है पाईप लाईन बिछाने से सभी वार्ड वासी खुश है तथा सभी ने पार्षद का आभार व्यक्त किया इसी समस्या से जूझ रहा था किंतु नगर पालिका एवं वार्ड पार्षद वंदना नितेश साहू के प्रयासों से महावीर वार्ड सहित तीन वार्डों की समस्या बहुत हद तक समाप्त हो सकेगी।

नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग 90 मी (300 फुट) पाइपलाइन मटन मार्केट के सामने से नागदेव मंदिर तक बिछाई गई है।



इन तीन वार्ड के वासी लंबे समय से नलो से आने वाले गंदे पानी की समस्या से परेशान थे। वार्ड वासियों ने बताया कि पाइपलाइन जगह-जगह फुट चुकी थी वार्ड वासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पार्षद एवं नगर पालिका तत्काल पाइपलाइन बिछवाने का कार्य प्रारंभ किया गया है इसके बाद से नलों से आने वाले गंदे पानी की समस्या समाप्त हो सकेगी। पाइपलाइन बिछाने के अवसर पर वार्ड वासी हाजी शमीम खान, कैलाश फुलवार, रमेश साहू, चेतिया कुरवाड़े, नवीन प्रजापति, नितेश साहू एवम् वार्ड वासी उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्राः शासन की जनहितकारी योजनाओं की दी जानकारी

# मोरूढाना पंचायत में फोक डांस से किया संकल्प यात्रा का स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में बैतूल की ग्राम पंचायतों में उत्साह की बात करें तो उनके द्वारा यात्रा के स्वागत में कही फूलों की, तो कही रंगों की रंगोली से कार्यक्रम स्थल को सुसज्जित किया गया है। स्थानीय कलाकारों द्वारा रंग-बिरंगे वस्त्र और स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ गीतों और परंपरागत परिधानों में डांस करते ग्रामवासी नजर आए। मंगलवार को आठनेर की मोरूढाना ग्राम पंचायत मंच के प्रवेश स्थल को रंग-बिरंगे रंगोली से स्वागत द्वार सजाया गया था। मंच पर लंबी सी टेबिल पर फल-सब्जियों एवं अन्य खाद्य सामग्री सजाकर रखी गई थी।

मोबाईल वैन पर लगे एलईडी पर शासन की जनहितकारी योजनाओं से हितग्राही को कौन कौन से लाभ हुए और वे योजना का लाभ कैसे ले सकेंगे, बिन्दूवार समझाया जा रहा था। वीडियो स्पॉट के माध्यम से लाभान्वित हितग्राहियों के मुख से स्वयं उनकी तरक्की के सफर की कहानी सुनाई गई। हितग्राहियों द्वारा स्थानीय स्तर पर किए अनुकरणीय कार्यों के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

#### मुलताई और भैंसदेही में हुआ शानदार स्वागत

संकल्प यात्रा का स्वागत भैंसदेही की पिपरिया जनपद पंचायत विभिन्न प्रकार के हाथ से बने खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया। स्थानीय लोगों को घर बैठे रोजगार के कौन-कौन से माध्यम हो सकेंगे अवगत कराया गया। मुलताई की ग्राम पंचायत बरई में जन प्रतिनिधियों द्वारा संबोधित कर यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा के ग्रामों में पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम मरामझिरी तथा लापाझिरी, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम मोरूढाना, घाड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के मेहकार तथा रतनपुर, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम बीजादेही तथा फोफल्या, आमला जनपद पंचायत के ग्राम बोरीखुर्द तथा रतेड़ाकला, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम बरई तथा महतपुर, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम बोरगांव तथा डोहलन, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम निपान्या तथा पिपरिया, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम झाकस में यात्रा भम्रण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

#### बुधवार को यात्रा का रूट चार्ट

विकसित भारत संकल्प यात्रा 27 दिसंबर को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा में पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम साकादेही तथा जसोंदी, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम हिड़ली, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम कुही तथा सीताकामथ, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम टांगनामाल तथा धनवार, आमला जनपद पंचायत के ग्राम लादी तथा देवपिपरिया, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम माथनी तथा खडकवार, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम बिहरगांव तथा छिंदखेड़ा, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम पोहर तथा सिवनी, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम बटकी में यात्रा भ्रमण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

#### उपस्थित जन समुदाय ने ली देश की एकता और अखंडता की शपथ




**बैतूल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को बैतूल, आमला, मुलताई, घोड़ाडोंगरी एवं भैंसदेही की ग्राम पंचायतों में पहुंची। जहां उपस्थित जनसमुदाय ने हर्षोल्लास के साथ यात्रा का स्वागत किया। बैतूल विकासखंड की ग्राम पंचायत टेमनी तथा जामठी में यात्रा के पहुंचने पर जनसमुदाय ने यात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम कर स्वागत किया। इसके अलावा भीमपुर, प्रभातपट्टन, शाहपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में पहुंची संकल्प यात्रा ने ग्रामवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने नृत्य/नाटिका का मंचन किया। उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, कृषि यंत्र, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नैनो यूरिया के फायदे किसानों को बताएं एवं विभागीय योजनाओं पर जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा के ग्रामों में पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम टेमनी तथा जामठी, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम पानबेहरा, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम जुवाड़ी तथा पांढरा, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम चिखलीरियत तथा काजली के साथ ही कई गांवों में यात्रा भ्रमण कर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी।

### जल्द हो समस्या का समाधान

# ग्राम भांडावाड़ी के ग्रामीण ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा, रखी मांगे

**आमला।** आदिवासी अंचल के ग्रामो में आज भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नही होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। आमला ब्लॉक के ग्राम पंचायत लादी के गांव भाण्डावाड़ी के ग्रामीण ने बैतूल जाकर कलेक्टर के नाम सौपें ज्ञापन में तीन बिंदुओं पर अपनी मांग रखी हैं। ज्ञापन में बताया कि भाण्डावाड़ी में खेती करने वालो के लिए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था ना होने से उन्हें खेती में जो मुनाफा होना चाहिए वो नही हो पाता है। ग्रामीण अशोक कासदे ने बताया कि अगर ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था हो जाए तो पर्याप्त बिजली भी मिलेगी और साथ हि पढ़ने वाले बच्चो को भी इसका लाभ मिलेगा जिससे वे रात्रि में भी पढ़ाई कर सकेंगे और उनका शैक्षणिक स्तर भी बढ़ेगा।वही कलीराम का कहना है कि हमारे गाँव मे 50 घरों की बस्ती हैं।इसमें मात्र 2 हैंडपंप की व्यवस्था है वो भी कभी कभार बंद हो जाते हैं। अन्य गाँव की तरह हमारे वन ग्राम भाण्डावाड़ी को भी नल जल योजना से जोड़ा जाए जिससे हमे होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।


#### लादी से सारणी मार्ग का काम जल्द हो शुरू

लादी से सारणी के लिए हुए स्वीकृत कार्य को भी जल्द से पूर्ण करने की मांग गांव वालों ने रखी है। उन्होंने बताया कि जो मार्ग की स्वीकृति हुई है वो 3किलोमीटर कि हैं। आधे काम को भी वन विभाग के द्वारा आपत्ति लगाकर काम रुकवा दिया है। जिसकी ठेकेदार भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं दे रहा है। वर्तमान में मार्ग की हालत काफी छतिग्रस्त है।जिसके कारण ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी होंती है एवं बच्चे भी इस मार्ग से स्कूल रोजाना जाते है वे भी खराब रास्ता होने से खासे परेशान होते है। ज्ञापन सौपते समय अशोक कासदे, कलीराम बोसम,रघुनाथ दर्शिमा,रायसिंह, हीरसिंह, सन्तु आदि बड़ी संख्या में शामिल थे।

### दिन में करते हैं रेकी, रात को घटना को देते हैं अंजाम

# बढ़ती हुई ठंड के कारण चोरी करने वाले भी हुए सक्रिय

**सर्दी के दिनों में रात में पसरे सन्नाटे का फायदा चोरी करने वाली गैंग उठाने लगी है। शहर में दो स्थानों पर चोरी की वारदातों को चोरों ने अंजाम दिया है। चोर एक जगह कैमरे में कैद भी हुए।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

लगातार एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है ऐसे में जो लोग देर रात तक नगर में बैठकर चर्चा करते थे वह लोग जल्दी ही बिस्तर में दुबक जाते हैं। जिसके कारण चोरों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं चोर देर रात तक जाग कर लोगों के घरों के साथ-साथ सड़कों पर मुख्य मार्ग पर खड़े हुए वाहनों को भी अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही मामला पचमढ़ी रोड स्टेशन रोड थाने से लगभग 500 मी की दूरी पर सामने आया है जिसमें स्टेशन रोड थाना प्रभारी रंमजू उईके ने बताया बढ़ती हुई ठंड के कारण लोग अक्सर बिस्तर में दब जाते हैं लेकिन चोर लगातार अपना शिकार ढूंढ रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है किं दोपहर में जहां उनका चोरी करनी होती है वहां पर वह बार-बार चक्कर लगाकर सारी जानकारी एकत्रित करते हैं उसके बाद वह रात्रि में चोरी कर जाते हैं। पुलिस प्रशासन के द्वारा पचमढ़ी रोड सहित सभी नगर में मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं तथा पुलिस भी लगातार गस्त कर रही है लेकिन उसके बाद भी अंजलि माल के पीछे निवासरत राजेश रघुवंशी खेरी वालों के मकान के सामने से उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल खड़ी हुई थी जो सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही है कि दो चोरों के द्वारा 2:30 बजे रात को मुंह बांधकर रोड पर आसपास खड़ी हुई सभी गाड़ियों में चाबियां फंसा कर देखी गई लेकिन स्प्लेंडर में चाबी लगाकर और उसके बाद वह आगे जाकर दुर्गेश रघुवंशी के मकान में घुसे जो कि थोड़ा हटकर है जिसमें घर पर कोई नहीं था सभी लोग गांव गए हुए थे वह उसे मकान में भी घुसे हैं और वहां से उन्होंने उनकी बेटी के कपड़े घड़ी एवं अन्य सामग्री भी ले गए हैं जिसकी पुलिस जांच कर रही है तथा परिवार वाले भी अपनी सामग्री घर में ही ढूंढ रहे हैं इस तरह से पीछे वाली सड़क पर भी एक चोरी होने की शिकायत आई है लगातार चोरियां बढ़ती जा रही हैं। सक्षम लोगों से अपने मकान के सामने सीसीटीवी कैमरे लगवाने के साथ-साथ सतर्क रहने की अपील की है।

## गनेरा से अक्षत कलश मंडल के 9 गांव में पहुंचा

**माखन नगर।** 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले माखननगर तहसील के सभी गाँव मे अक्षत पूजन कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम मे अयोध्या से आये श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण के पूजित अक्षत कलश की शोभा यात्रा गनेरा मे निकाली गई। शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, आशीष गुरु, जग्गा आरएसएसके देवी सिंह, असीम, प्रदीप सीठा, कमल कीर ने शामिल होकर मंडल के 9 ग्राम के ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं अक्षत कलश सौंपे। जिनमें सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार झा, जनपद उपाध्यक्ष लालचंद यादव, भटवाडी,नसीराबाद से छोटेलाल आदि उपस्थित हुए ।

# महाराणा प्रताप कप, पहले दिन 28 पुरुष और 18 महिला टीमें खेलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के गांधी स्टेडियम में मंगलवार को राजपूत समाज इटारसी के द्वारा महाराणा प्रताप कप महिला एवं पुरुष राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने खिलाड़ियों से प्राप्त किया। दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में पहले दिन पुरुष वर्ग में 28 टीम और महिला वर्ग में 18 टीम में हिस्सा लिया। पहले मैच में महिला वर्ग में आरसीसी बनखेड़ी और लवखेड़ी जिसमें आरसीसी बनखेडी की टीम विजयी रही। पुरुष वर्ग में आरसीसी भोपाल और राकई गाडरवारा की बीच खेला गया इसमें आरसीसी भोपाल विजयी रही। विक्रम



यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स अकादमी इंदौर और टिमरनी के बीच खेला गया। जिसमें विक्रम स्पोर्ट्स अकैडमी इंदौर विजयी रही। समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह, नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह सहित करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

# उदय प्रताप के मंत्री बनने पर समर्थकों ने मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम- नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद राव उदयप्रताप सिंह को गाडरवाड़ा विस में प्रचंड मतों से जीतने के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपनी कैबिनेट में जगह देते हुए मंत्री बनाया है। पूर्व सांसद उदयप्रताप सिंह को मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। इसी तारतम्य में चिकमंगलूर चौराहे पर नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में आतिशबाजी और मिष्टान्न



वितरण किया गया। आतिशबाजी के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और मंत्री उदयप्रताप सिंह के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। जिला मीडिया सहप्रभारी राजा तिवारी ने बताया कि राव उदयप्रताप सिंह का नाम मंत्रीमंडल में शामिल होना क्षेत्र के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। इससे नर्मदापुरम जिले में विकास के कामों को गति मिलेगी, क्योंकि वे इस क्षेत्र से बखूबी परिचित हैं। इस अवसर पर दीपक अग्रवाल, निर्मल सिंह राजपूत, सोनू दीक्षित, शिवकिशोर रावत, संदेश पुरोहित, उमेश पटेल, कुलदीप रावत, राजू सिकंदर, प्रदीप रैकवार, मनोज मालवीय, राजू अग्रवाल, मनोज पोपली, जितेंद्र यादव, दीपक बस्तवार, रामबाबू, संजय चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एसबीआई बैंक के जनरेटर में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसबीआई बैंक की सोहागपुर ब्रांच में मंगलवार बैंक खुलने के समय शार्ट सर्किट से जनरेटर में आग लगने से बैंक के कर्मचारियों और उपभोक्ताओं में हफरा तफरी मच गई। सोहागपुर नगर में बैंक में आग लगने की खबर सुनते ही लोगो का जमावड़ा लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एसबीआई ब्रांच सोहागपुर में जनरेटर में आग लगते ही बैंक में धुंआ ही धुंआ छा गया । धुंवें की गुंग के कारण उपभोक्ताओं और कर्मचारियों में भगदड़ मच गई । आग पर फायर ब्रिगेड से समय रहते काबू पा लिया गया वरना बड़ी घटना घट सकती थी। आग लगने की घटना से घबराए कर्मचारियों ने आग पर नियंत्रण पाने के बाद राहत की सांस ली। ज्ञातव्य हो कि सोहागपुर एसबीआई बैंक में करीब 25 हजार से अधिक उपभोक्ता जुड़े हुए हैं ।

# मॉर्निंग फुटबॉल क्लब प्रतियोगिता का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में गिरिराज फुटबॉल ट्रॉफी जिला स्तरीय 5 साइट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। जिसमें पेनल्टी शूट में सोहागपुर एक से पराजित होकर खिताब मुकाबले से बाहर हो गई इटारसी की टीम ने जगह बनाई। दूसरा मैच पिपरिया नर्मदा पुरम के बीच खेला गया पिपरिया टीम ने इस मुकाबले में तीन गोल से पराजय स्वीकार की मंगलवार को इटारसी नर्मदा पुरम टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ दोनों ही सेमी मुकाबले काफी टक्कर के थे काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। मॉर्निंग क्लब के सचिव दीपक गोदानी अध्यक्ष विनोद कटाक्वार एवं कार्यक्रम के आयोजन अनिल जांवधिया जो की लगातार 15 वर्षों से इस खेल का आयोजन करते आ रहे हैं जूनियर एवं मिनी जूनियर ने फाइनल मैच प्रारंभ से दोपहर में खेल और ट्रॉफी का फाइनल मैच दोपहर 4 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसके बाद अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए।

# कबड्डी प्रतियोगिता में मुढ़िया खेड़ी विजेता रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



डॉ अरविंद सिंह चौहान सोशल वेलफेयर एवं खेलकूद अकादमी द्वारा डे नाइट राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोमवार को रात 12 बजे महाविद्यालय प्रांगण में हुआ जिसमें मुढिया खेड़ी विजेता रहा। विजेता टीम को चैंपियन ट्रॉफी अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रसलपुर की टीम रही । इस प्रतियोगिता में 35 टीमों ने भाग लिया था प्रतियोगिता के शुरुवाती दिनों से समापन अवसर तक हजारों की संख्या में कबड्डी प्रेमी मैच देखने पहुंचे ।फाइनल मुकाबला कड़ाके की ठंड के बीच आधी रात तक चला। डॉ. अरविंद सिंह चौहान सोशल बेलफेयर एवं खेल अकादमी सोहागपुर मे संपन्न हुई प्रतियोगिता में नपा. अध्यक्ष लता यशंवत पटैल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी,अभिलाष सिंह चंदेल, नन्हू छाबड़िया, अमीर सिंह चंदेल, अश्वनी सरोज, अभिनव पालीवाल, अंकुश जैसवाल, ऐकम सिंह राजपूत, अंकित कुबरे, अशोक रघुवंशी, रवि उइके, गुड्डा शर्मा, पवन चौहान, रज्जन यादव, अजय राठौर, अभिषेक चौहान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# दिव्य चेतना यात्रा का किया जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

सात सरोवर नरसिंहपुर से बाबाजी के दिवस पर दिव्य चेतना यात्रा सेमरी पहुंची। जिसमें मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल के साथ बाबा जी के अनेक अनुयाई दिव्य चेतना यात्रा शामिल थे।

जालम सिंह पटेल ने बताया कि बाबा जी ने सबसे अधिक समय ओंकारेश्वर में बिताया था उन्होंने चार चातुर्मास सनावद महेश्वर ओंकारेश्वर में बिताए थे। जब से बाबा जी ने इस नश्वर देह को छोड़कर अन्य शरीर धारण कर लिया है।

तभी से उनके अवतरण दिवस पर दिव्य चेतना यात्रा का आयोजन होता है एवं ओंकारेश्वर में बाबा जी के स्थान पर सभी भक्त जाकर उनके आसन की पूजा नार्कन करते हैं एवं सब मार्ग पर चलने के लिए प्रार्थना करते हैं। दिव्य चेतना यात्रा का जिला सदस्य दौलत राम पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजा भैया पटेल, कृष्णकांत पटेल, धर्मेंद्र पटेल, छोटेलाल चौधरी आदि ने स्वागत किया।

# 'भगवान की भक्ति प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका है श्रोत्तव्य'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

हमारे मन में एक यक्ष प्रश्न हमेशा घूमता रहता है कि, हम भगवान को प्राप्त कैसे करें भगवान का सानिध्य कैसे प्राप्त करें। और हमने आने को कथाएं सुनी है कई बार रामचरित्र मानस भी पड़ा है। पर हम कभी उसका चिंतन नहीं करते कभी उसका मनन नहीं करते क्योंकि उसमें तुलसीदास जी ने भगवान का सानिध्य पाने के सबसे सरल उपाय बताएं। जब शबरी ने कहा की प्रभु मैं तो अज्ञानी हूं मैं कैसे आपकी करूं मुझे ना पूजन विधि आती है। ना मंत्र आते हैं तब भगवान ने उन्हें नवधा भक्ति बताई जिसमें कहा है की प्रथम भक्ति संतान कर संग दूसर गतिमान कथा प्रसंग उक्त विचार



हंसराज गार्डन सिवनी मालवा में चल रही बोरसे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में बोलते हुए कहा कि हमारे मन में यह विचार हमेशा चलता है कि हम गृहस्थ हैं तो हम भगवान की भक्ति कैसे प्राप्त करें। भगवान की भक्ति प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका श्रोत्तव्य है आप सिर्फ भगवान की कथाओं का श्रवण कीजिए संतों का सानिध्य पाया आप धीरे-धीरे भगवान के निकट पहुंचते जाएंगे। इसके पश्चात जब कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब धर्मराज युधिष्ठिर जी ने नारद जी से पूछा की प्रभु धर्म क्या है। तब उन्होंने कहा कि धर्म वह है जिसका आधार ईश्वर है जिसमें सत्य, दया, तपस्या इच्छा अहिंसा स्वाध्याय आत्मज्ञान सर्वदा संतोष इत्यादि हो वह धर्म है इसके पश्चात गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते है।

# स्व. सूरज प्रसाद साहू की स्मृति में हुआ रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

स्व. पटेल सूरज प्रसाद साहू की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन शासकीय अस्पताल में आयोजित हुआ। आयोजन समाजसेवी सत्यनारायण साहू द्वारा अपने पिता की स्मृति में किया। युवाओं ने



भरपूर सहयोग किया। शिविर में 41 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में डॉ. रविकांत शर्मा, शेर सिंह बड़कुर, पंकज शर्मा, रवि यादव, बीएमओ डा.परिहार, शिवकुमार पटेल का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान करने वालों में पुनीत मालानी,मोइन खान, तनिष्क यादव, मयंक धुर्वे, हिमांशु बाथरे, मकबूल खान,लोकेश मेहरा, अमित सोनी, विपिन पटेल, आशु कसेरा अमित पटेल,राजा साहू, नमन ठाकुर, हिमाद्र अग्रवाल रोहित मर्सकोले, गुड्डा सोनी, मधुरम सोनी, शुभांक राय, हिमांशु बाथरे, आशुतोष साहू, शेख समीर, संजीव अहिरवार, कार्तिक विश्वकर्मा, प्रफुल्ल साहू, विपिन पटेल,जय साहू , प्रदीप साहू, कृष्णा धुर्वे एवं अन्य रक्तदान किया।

# पूजित अक्षत कलश की निकली शोभायात्रा, ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

22 जनवरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की नगर में स्टेशन रोड स्थित भुवनेश्वरी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा स्टेशन रोड से होती हुई तिवारी कॉलोनी सोहागपुर रोड पीपल चौक होते हुए बड़ा मंदिर पहुंची यात्रा के संयोजक धनीराम मौर्य ने बताया कि भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में रहते हुए विदेशी आक्रांता बाबर आक्रमण के बाद से रामलला अपने गर्भ गृह से दूर हो गए थे। लगभग 500 वर्षों के हिंदू समाज के संघर्ष के पश्चात अयोध्या मैं संवैधानिक तरीके से



भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है एवं इस मंदिर के गर्भ ग्रह में 22 जनवरी 2024 को रामलला 500 वर्षों तक अपने गर्भ गृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी इसके निमित्त पूजित अक्षत कलश आए हैं। जिनके अक्षत से क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को होने वाली भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जावेगा शोभा यात्रा में सहसंयोजक नरेंद्र पटेल जिला पंचायत सदस्य दौलत राम पटेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं महिलाएं उपस्थित थी।

### स्कूली बच्चों ने मंच से सुनाई शहादत की कहानी, गुरुनानक पब्लिक स्कूल से रैली निकालकर गुरुद्वारा पहुंचे बच्चे

# वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों की शहादत को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों की शहादत की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का एलान किया था। जिसके बाद मंगलवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर सरकार के स्तर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम गुरुनानक पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ। इसके बाद स्कूल से रैली गुरुद्वारा तक पहुंची। जयस्तंभ चौक पर साहबजादों की शौर्यगाथा सभी बताने के लिए पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। इटारसी के गुरुनानक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में भाजपा संभागीय प्रभारी पंकज जोशी, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, संभागीय



कार्यालय प्रभारी हंस राय, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, सिख समाज के अध्यक्ष जसबीर सिंह छाबडा व अन्य मौजूद थे। पंकज जोशी ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं गुरु गोबिंद जी के चार साहिबजादों और माता गुजरी जी को नमन करता हूं। पूरे साहस के साथ वे क्रूर मुगल शासन के खिलाफ खड़े हुए और धर्म परिवर्तन को इनकार करते हुए शहादत को चुना। उनकी ये अतुलनीय वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक है। पिछले वर्ष देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। श्री जोशी ने कहा कि हमें इस मिट्टी की आन-बान-शान के लिए जीना है, हमें देश को बेहतर बनाने के लिए जीना है। हमें इस महान राष्ट्र की संतान के रूप में, देश को विकसित बनाने के लिए जीना है, जुटना है, जूझना है और विजयी होकर निकलना है। आगे कहा कि मुझे खुशी है कि आज का भारत 'गुलामी की मानसिकता' से बाहर निकल रहा है। आज के भारत को अपने लोगों पर, अपने सामर्थ्य पर, अपनी प्रेरणाओं पर पूरा पूरा भरोसा है। आज के भारत के लिए साहिबजादों का बलिदान राष्ट्रीय प्रेरणा का विषय है।

### गुरूनानक स्कूल में आयोजित हुए कार्यक्रम

गुरुनानक स्कूल में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने साहबजादों के बलिदान पर कहानी, कविता सुनाई। राजेश्वरी दुबे ने भाषण, दिव्या वेषवार ने पंजाबी भाषा में भाषण, आरोही शुक्ला, जसगुन कौर भाटिया, वंशिका प्रजापति, चरणप्रीत कौर चावला ने कविता पाठ किया। चंद्रप्रीत कौर चावला, हरसिमरन कौर, मनवीत कौर, जुनैजा, प्रवीण सिंह ग्रंथी ने अपनी प्रस्तुति दी। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। जब बच्चे साहबजादों की शौर्यगाथा सुना रहे थे, उपस्थित जनों की आंखे भर आईं।

### रैली निकालकर पहुंचे गुरुद्वारा

कार्यक्रम के बाद स्कूल के बच्चे, सभी सिख समाज के नागरिक रैली निकालकर गुरुद्वारा पहुंचे। इस अवसर पर जयस्तंभ पर साहबजादों की शौर्यगाथा सभी बताने के लिए पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। इसे शहर के नागरिकों ने भी आकर देखा।

### सिख समाज ने कार्यक्रम पर जताई खुशी-

वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में इटारसी के सिख हरप्रीत छाबडा, बिटटू बोहरा ने खुशी जताते हुए कहा कि 'हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वीर बाल दिवस मनाने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

### बीते साल पीएम मोदी ने किया था एलान

बता हैं कि साल 1705 में गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह ने महज नौ साल और छह साल की उम्र में सिख धर्म के सम्मान में सर्वोच्च बलिदान दिया था। बीते साल 9 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर पीएम मोदी ने 26 दिसंबर को साहिबजादों की शहादत के सम्मान में वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का एलान किया था।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

वीर बाल दिवस के कार्यक्रम में भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, भाजपा मंडल महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी राहुल चौरे, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, देवेंद्र पटेल, अनिल गैलानी, संजीव हूरा, वरिष्ठ कार्यकर्ता अभिषेक तिवारी, पिछडा वर्ग मोर्चा सह मीडिया प्रभारी आशीष मालवीय, नगर मीडिया प्रभारी गौरव बडकुर, सौरभ मेहरा, भाजयुमो जिला मंत्री गोपाल शर्मा, नगर महामंत्री शुभम सिंह राठौड, सिख समाज ज्ञानी अजित सिंह जी का जत्था, गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष जसबीर सिंह छाबडा, सचिव राजेंद्र दुआ, राजेंद्र टीटू सलूजा, हरप्रीत छाबडा, जगजीत सिंह, सरप्रीत सिंह छाबडा, गुरुवीर सिंह जुनैजा, बरिंदर सिंह लांबा, परमजीत सिंह लाली, मलकीत सिंह भाटिया, हरभजन सिंह सलूजा, गुरिंदर सिंह, बिटटू बोहरा, अमतकीत भाटिया, राजा जुनैजा, हरमीत सिंह गुरुदत्ता, रिंकू टूटेजा, परमीत सिंह भाटिया, अमनदीप भाटिया, डॉ ताबिश अरोरा, सर्वजीत सिंह मनकु, हरविंदर सिंह हैप्पी भाटिया शामिल हुए। अब इसे लेकर पूरे जिले के सिख समुदाय ने खुशी जाहिर की है और पीएम मोदी के इस कदम की सराहना की। मंच का संचालन संगीता द्विवेदी ने किया।

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के पोखरनी रोड पर सोमवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मंगलवार सुबह टिमरनी के अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बघवाड़ निवासी सुरेंद्र पिता राव सोमवार रात रेलवे रैक पाइंट से हम्माली का काम कर बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान तारा वेयर हाउस से कुछ दूरी पर उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे में उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोट आई। इसके बाद राहगीरों की मदद से घायल अवस्था में उसे टिमरनी अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क हादसे में खातेगांव निवासी युवक की मौत

**हरदा।** देवास जिले के खातेगांव में रहने वाले 22 वर्षीय युवक की सोमवार रात एक सड़क हादसे में मौत हो गई। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। अस्पताल चौकी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खातेगांव का रहने वाला जितेंद पिता रामेश्वर माली उम्र 22 साल जो कि सब्जी एवं फल फ्रूट का धंधा करता था। सोमवार शाम को अपने परिजनों से किसी काम के लिए जाने और 10 मिनट में वापास आने का कहकर गया था। इस दौरान खातेगांव से कन्नौद की ओर जाने वाले मार्ग पर बने हनुमान मंदिर के पास सामने से तेज रफ्तार आ रहे चौपहिया वाहन से बचने के लिए उसकी बाइक सड़क किनारे एक मिट्टी के ढेर पर चढ़कर पलट गई। जिससे उसे सिर, पेट एवं गर्दन पर गम्भीर चोट आई। इसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए खातेगांव के अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आएं जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हरदा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार करने के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे भोपाल रेफर किया। जहां रात बारह बजे के आसपास ग्राम छीपानेर के पास उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक दो भाई बहनों में बड़ा भाई था। इकलौते बेटे की मौत के बाद पूरा परिवार सदमें में है।

### युवती ने खाई जहरीली दवा, उपचार जारी

**हरदा।** घरेलू विवाद में सोमवार को नाराज होकर 19 वर्षीय युवती ने जहरीली दवाई का सेवन कर लिया। जिसके बाद परिजनों ने तत्काल एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। यहां पर पीड़िता का इलाज चल रहा है। अस्पताल चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिले की खातेगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव जूनापानी में रहने वाले मंगलसिंह मीणा की 19 वर्षीय बेटी अदिति ने सोमवार सुबह अपने घर में रखी जहरीली दवाई पीली थी। जिसके बाद उल्टी और घबराहट की शिकायत हुई। जिसके बाद युवती के पिता ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**हरदा।** पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम इरशाद वली ने थाना रहटगांव में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक 430/2023 में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपए के पुरस्कार की घोषणा की है। जो कोई व्यक्ति अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचना कर्ता को 15 हजार रुपए इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन का मान्य होगा।

---

### सांसद उइके और जिला पंचायत अध्यक्ष हुए यात्रा में शामिल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जिले के ग्राम सोनतलाई, कचबैड़ी, पचौला, चिकलपाट, रामटैकरैयत व कुकड़ापानी पहुँची। गांव में संकल्प यात्रा के पहुँचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया। ग्राम कुकड़ापानी में सांसद दुर्गादास उइके संकल्प यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रोहित सिसोनिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

सांसद उइके ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारम्भ की गई है। इस यात्रा के तहत भारत सरकार से प्राप्त प्रचार वाहन आगामी 26 जनवरी तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों का दौरा करेगा। इस अवसर पर



सांसद उइके ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। ग्राम कुकड़ापानी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर मरीजों को चिकित्सकों द्वारा दवाई दी गई। सांसद ने चिकलपाट में भी हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम में जिला पंचायत गजेन्द्र शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम सोनतलाई, कचबैड़ी, पचौला, चिकलपाट, रामटैकरैयत व कुकड़ापानी में विकास कार्यों पर केनद्रित फिल्म का प्रदर्शन प्रचार वाहन में लगे एलइडी टीवी के माध्यम से किया गया। इन गांवों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये गये। ग्राम कुकड़ापानी व सोनतलाई में स्वाइल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किये गये तथा किसानों को मिट्टी परीक्षण कराने के लिये मिट्टी का सैंपल लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया और उन्हें मिट्टी परीक्षण कराने के लाभ के बारे में समझाया गया। इससे पूर्व सोमवार को ग्राम करनपुरा पहुँचने पर स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने कलश यात्रा आयोजित की।

यात्रा के दौरान ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने वाला इस वर्ष का केलेण्डर वितरित किया गया। ग्राम करनपुरा व हनीफाबाद में कृषि विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव प्रक्रिया का प्रदर्शन किसानों के बीच किया गया। गांव के प्रगतिशील किसानों ने प्राकृतिक खेती अपनाने के बाद उन्हें हुए लाभ के संबंध में अपने अनुभव सुनाए और अन्य किसानों से अपील की कि वे भी प्राकृतिक व जैविक खेती अपनाएं।

## केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी

### जिले के गांवों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा



**खंडवा।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार वाहन ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचने पर ग्राम वासियों द्वारा उल्लासपूर्वक स्वागत किया गया। इसी क्रम में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत मौजवाड़ी मॉल पहुंची जहां पर अतिथियों ने यात्रा रथ का पूजन किया। इसके बाद उपस्थित ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित फिल्म दिखाई गई और योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया तथा विभागों द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी विभाग प्रमुखों द्वारा ग्रामीणजनों को दी गई। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी जुबानी मेरी कहानी सुनाई। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 27 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा 15 शेष आवेदनों के हितग्राहियों को हित लाभ का प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत बड़नगर रैयत में आयोजित शिविर में 149 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 111 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष 38 आवेदनों का निराकरण करने हेतु संबंधित को आतंरित कर दिए गए। बड़नगर रैयत में आयोजित शिविर में 15 आवेदन आयुष्मान कार्ड बनाने संबंधी, 5 आवेदन खाद्यान्न पर्ची, 88 आवेदन पीएम आवास योजना, 15 आवेदन उज्जवला योजना, 3 आवेदन पीएम पोषण अभियान, 13 आवेदन मृदा कार्ड, 8 आवेदन पशुपालन एवं 2 आवेदन शौचालय बनवाने संबंधी प्राप्त हुए। इस दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा शिविर में हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा लेने हेतु उपस्थितजनों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई और योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

---

### दुकानदारों को नियमानुसार दुकान लगाने की दी समझाइश

## रहटगांव में नहीं बिकेगा खुले में मांस, मछली, अंडा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

31 दिसंबर तक मांस और मछली की खुली बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के लिए खाद्य विभाग द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत रहटगांव में फूड सेफ्टी आफिसर आरके कामले द्वारा बाजार क्षेत्र में स्थित मटन मछली और अंडे की दुकानों का निरीक्षण किया गया। चिकन की दुकानों में सभी के पास लाइसेंस पाए गए।

ग्राम पंचायत और स्थानीय दुकानदारों से चर्चा कर स्थानीय बैल बाजार में सभी मांस की मछली की दुकान अंडे की दुकान लगाए जाने का निर्णय हुआ है। जिसके चलते एक सप्ताह में ग्राम पंचायत यहां पर दुकान लगाने की व्यवस्था करेगी। इसके बाद यहां पर सभी को लाइसेंस जारी करने के लिए ग्राम पंचायत अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करेगी। उसके पश्चात सभी दुकानें यहां लग सकेगी एवं गांव में या पंचायत क्षेत्र में अन्य स्थानों पर अंडा मुर्गा मछली नहीं बिकेगी। कामले द्वारा बताया की ग्राम पंचायत जिस जगह का चयन कर रही है। वहां पर नियमानुसार बैठकर अपना व्यापार करना है। इसके अलावा अन्य स्थान पर यह बिक्री नहीं होगी। बिक्री करते पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि सूरज रंगीले, उपसरपंच प्रतिनिधि मनीष गौर, सचिव रामकृष्ण कुशवाहा सही ग्रामीण मौजूद रहे।

### पिता से आपसी रंजिश के चलते शराब के नशे में गला घोंटकर की थी हत्या

## पुलिस ने अंधेकत्ल का किया पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



चैनपुर पुलिस ने ग्राम मानिकेरा में 8 वर्षीय बालक की निर्ममता पूर्वक की गई अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता प्राप्त की है। इस सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने स्वीकार किया है कि पुरानी रंजिश के चलते शराब के नशे में उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर दो संदेहियों शेरू रावत वेरंगिया रावत बारेला उम्र 40 वर्ष और रमेश चौहान किरता चौहान बारेला उम्र 42 वर्ष निवासी कुसुंबिया से जब सख्ती से पूछताछ शुरू की गई तो उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

उन्होंने अजय अलावे की तुवर/अरहर की काठी/पौधे से गला घोट कर हत्या की और शव को झाड़ियों में नाली में छुपा दिया था। फलस्वरूप उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी बिन बुलाये मेहमान की तरह रेवला के घर शादी/छाक आए थे। शेरू ने बताया कि उसकी ससुराल भी मानिकेरा में ही होने से तथा उसके साले शांतिलाल से पुरानी रंजिश होने से और उसकी औरत सायजु बाई भी बार बार साले शान्ति लाल के घर भाग आती थीं। जिसके कारण बदला लेने के लिए साले की तलाश मे थ, किंतु वह नही मिला तब उसके लड़के अजय अलावे पर उसकी नजर पड़ी तभी उसको एक तरफ बुलाकर शराब लाने हेतु पैसे दिए गए, जब वह शराब के क्वाटर ले कर आया तो उसे शेरू और रमेश ने दोनों के बीच में बिठा लिया और शेरू रावत ने अजय को पकड़ कर जमीन पर उल्टा पटक दिया और उसके गले में तुवर, अरहर की काटी पौधे को उसको गले में लपेट कर गला दबाकर जब तक वह मर नही गया। तब तक तुवर अरहर के पौधे को गले में कसता रहा फिर रमेश चौहान ने भी एक हाथ से पत्थर उठा कर उसके सिर में पिछे तरफ मारा ,फिर रमेश ने दोनो हाथों से अजय को छुपाने की नियत से उठा लिया तब शेरू ने अपनी शाल मृतक अजय को ढकते हुए उसके दोनो चप्पल उठा कर संपत के खेत के पास झाड़ियों में नाली के में छुपा दिया, फिर दोनो वापस शादी/छाक वाले घर आकर शामिल हो गए थे।

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा ग्राम मानिकेरा में हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तार करने के लिए निर्देश दिये गये थे। वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मवीर सिंह यादव के निर्देशन में व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनोहरसिंह बारीया और अनुविभागीय अधिकारी भीकनगांव राकेश आर्य के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी चैनपुर गणपत कनेल एवं थाना प्रभारी बिस्टान अनिल कुमार बामनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम चैनपुर (खरगोन) ने हत्या करने वाले अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### पुलिस चौकी में खड़ा किया

## खाद्यान्न की हेराफेरी की शिकायत पर वाहन रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्य सामग्री की कथित हेराफेरी के आरोप में एक आईसर वाहन रोके जाने और उसे पुलिस चौकी हेलापड़ाव में खड़ा करने के मामले को लेकर मंगलवार को दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

जानकारी के अनुसार सोमवार को उक्त वाहन भीकनगांव वेयरहाउस से खाद्यान्न लेकर दूरस्थ पहाड़ी अंचल के धुपा बुजुर्ग जा रहा था। उसे ग्राम हेलापड़ाव में कतिपय लोगों ने रोककर पुलिस चौकी में खड़ा कर दिया गया। मामले की शिकायत कलेक्टर और एसडीओ राजस्व भीकनगांव को किए जाने पर स्थानीय अधिकारीगण सक्रिय हो गए। फल स्वरुप स्थानीय तहसीलदार प्रतापसिंह अजनार और खाद्य निरीक्षक रविंद्रसिंह ठाकुर वहां पहुंचे। उन्होंने वहां पहुंचकर मौका पंचनामा तैयार किया और वन ग्राम चिरीया में खाद्यान्न सहित वाहन का तौल कराया गया। जिला खाद्य अधिकारी जमरे ने बताया कि घटनाक्रम की जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र छात्राओं को किया पुरस्कृत

## श्री गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल में हुआ प्रश्न मंच का आयोजन





**झिरन्या।** श्री गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं में भाग लिया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, श्री गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष अजितपाल सिंह और ज्ञानी कंवलजीतसिंह पंजाब ने साहिबजादों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने उनके वीरता और निडरता पूर्वक दुश्मनों से लोहा लेने के इतिहास पर प्रकाश डाला। वहीं वक्ताओं ने छात्र छात्राओं से अपने माता पिता का आदर करने और देश एवं समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरुसिंघ सभा के पूर्व अध्यक्ष गुरबीरसिंह भाटिया,दशमेश सेवा सोसायटी के अध्यक्ष प्रीतपालसिंह भाटिया, संस्था अध्यक्ष कालू भाटिया,संस्था अध्यक्ष कालू भाटिया,मंगलसिंह भाटिया, देवेंद्रसिंह भाटिया की शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं




**खंडवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को अपर कलेक्टर केआर बड़ोले ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

## जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

**हरदा।** जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रत्येक मंगलवार को शासकीय कार्यालयों में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती हैं। इसी क्रम में संयुक्त कलेक्टर केसी परते व रजनी वर्मा ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिये अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### ब्रज की कथा सुनाई

## इंद्र ने क्रोधित हो ब्रज मंडल में मूसलाधार वर्षा करवाईः भारती



**हरदा।** अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस भारती किशोरी ने ब्रज की कथा सुनाई। भगवान की बाल लीला श्रवण करते हुए कहा कि जब श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत का पूजन करवाया तो इंद्र ने क्रोधित हो ब्रज मंडल में मूसलाधार वर्षा करवाई। भगवान कृष्ण ने एक उंगली पर गिरिराज पर्वत उठाया और कहा आ जाओ गिरिराज की शरण में ऐसे ब्रज वासियों की रक्षा की। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए किशोरी जी ने महारास वर्णन करते हुए बताया कि रास पंचाध्याई भागवत के पंचप्राण हैं। किशोरीजी ने आगे बताया भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा माली पर कृपा, रजक उद्धार कुब्जा अनुग्रह वर्णन करते हुए मामा कंस का वध किया। वहां के राजा द्वारकाधीश कहलाए द्वारका में भगवान श्री कृष्ण ने रुक्मणी जी के साथ विवाह किया विवाह में भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी की झांकी सजाई वैवाहिक गीतों पर भक्त भावविभोर हो नृत्य करने लगे। विवाह उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया।

### दो घंटे तक कोहरे का रहा असर

## खंडवा में सीजन का पहला घना कोहरा, तापमान 13.1 डिग्री



**खंडवा।** खंडवा में मंगलवार सुबह घना कोहरा रहा, यह सीजन में अब तक का रिकार्ड तोड़ कोहरा था। दो घंटे तक कोहरे का असर रहा, सुबह 9 बजे बाद मौसम साफ हुआ।

इतना भयावह कोहरा था कि एक स्थान से दूसरा स्थान दिखाई नही दे रहा था। मंगलवार का तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस पर लुढ़का रहा। सुबह से चारों तरफ कोहरा ही कोहरा था। थोड़ी दूर खड़ा व्यक्ति तक नहीं दिखाई दे रहा था। यानी दृष्टि क्षमता 50 मीटर से कम थी। इधर, सड़क पर सुबह से निकल रहे वाहनों के हैडलाइट= चालू थे, वहीं एक वाहन दूसरे वाहन को सचेत करने के लिए हॉर्न बजाए जा रहा था। इस सीजन में ऐसा कोहरा पहली बार दिखाई दिया है। दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई, मंगलवार का तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस रहा है। अभी मावठे के कोई हालात नहीं है।

## शतचंडी महायज्ञ की हुई पूणाहुति, हजारों भक्तों ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

### सांसद और महापौर ने भी आहुतियां प्रदान की

**खंडवा।** श्री नवदुर्गा उत्सव समिति लाल चौकी खंडवा के तत्वावधान में योगारीज 1008 कल्याणदासजी महाराज, मुख्य यज्ञाचार्य पं. संतोष शारवी मरसिंहपुर एवं नर्मदानंद महाराज अमरकंटक के सानिध्य विजय नगर लाल चौकी में शतचण्डी महायज्ञ के अंतिम दिवस पूर्णाहुति एवं आशीर्वाद शतचण्डी महायज्ञ में मुख्य यजमान अखिलेश गुप्ता, मनीषा गुप्ता सहित समस्त जोडों, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, मुकेश तनवे ने आहुतियां प्रदान कर पूणाहुति दी। शाम को यज्ञ स्थल पर भक्तों ने परिक्रमा कर पुण्य लाभ लिया।



शैलेष पालीवाल ने बताया कि शतचण्डी महायज्ञ के अंतिम दिवस यज्ञ की आरती के बाद विशल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। भण्डारा सायंकाल तक सतत चलता रहा। सांसद पाटील ने नवदुर्गा उत्सव समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से वातावरण की शुद्धि होती है और यज्ञ स्थल तीर्थ समान पवित्र हो जाता है। यज्ञ का हमारी भारतीय संस्कृति में अहम स्थान है। सांसद पाटील ने यज्ञ स्थल पर समस्त साधु संतों, ब्राह्मणों का वंदन कर उनका आशीष लिया। महाआरती एवं पूणाहुति में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, महापौर अमृता यादव, अमर यादव, मुकेश तनवे, सुभाष खण्डेलवाल, आशीष चटकेले, अरुणसिंह मुन्ना, सुनील जैन, प्रदीप पालीवाल, मधुकांता खंडेलवाल, दीपक पालीवाल, राकेश पालीवाल, चंद्रशेखर मिश्रा सहित नवदुर्गा उत्सव समन्वय समिति के सदस्यगण बसंत नारमदेव, वीके दुबे, डॉ. राकेश शुक्ला, राजेन्द्र गुप्ता, जयप्रकाश डोंगरे, मंगलेश उपाध्याय, संजय शुक्ला, मोहन गंगराडे, गोपाल वाणी, संतोष यादव, विजय गीते, इंदर मंडलोई सहित अन्य मौजूद थे।